दिनांक 15 अक्टूबर 2016 दिन शनिवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में वाई०आर०सी० (युवा रेड क्रॉस) और रेड रिबन क्लब द्वारा एच०आई०वी० और एड्स के प्रति जागरूकता हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के करकमलों से दीप प्रज्वल्लित कर किया गया। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध लेखन, नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग आदि के माध्यम से एच०आई०वी० व एड्स के प्रति विद्यार्थियों की चेतना को जागरूक किया गया । इन प्रतियोगिताओं में तीनों संभागों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो किरण आनंद व डॉ रामचंद्र ने निभाई। इस अवसर पर डॉ जयपाल सिंह, डॉ विनोद राठी व डॉ ऊषा चौधरी भी वहां उपस्थित थे । प्रतियोगिता विजेताओं में निबंध लेखन में प्रथम स्थान काजल, द्वितीय स्थान हिनाक्षी व तृतीय स्थान वर्षा एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान गीता (एड्स रोग का यह उपचार, स्वच्छ सोच व उच्च विचार), द्वितीय स्थान कविता (एड्स रोग का करो संहार, जागरूकता को बनाओ हथियार) व तृतीय स्थान मुकुल (Prevention is better than cure, especially when something has no cure) तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनिका, द्वितीय स्थान बबिता व तृतीय स्थान डॉली अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने अपने उदबोधन में विद्यार्थियों को एच०आई०वी० / एड्स के प्रति जागरूक किया । उन्होंने कहा कि इन खतरनाक बीमारियों की रोकथाम का एक ही सफल तरीका है कि हम सुरक्षित जीवन अपनाकर ही इस लाइलाज बीमारी पर काबू पा सकते हैं । सभी प्रतिभागियों के कुशल नेतृत्व में दोपहर को एक रैली का भी आयोजन किया गया तथा रेड रिबन क्लब व युवा रेड क्रॉस के समस्त स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।